भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2377
गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तमिलनाडु में पर्यटन अवसंरचना का विकास**

**2377 श्री आर. गिरिराजन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु प्राचीन मंदिरों, धरोहर स्मारकों, पहाड़ी क्षेत्रों, समुद्र तट और तटीय पर्यटन के लिए देश के शीर्ष पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक के रूप में उभरा है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार प्राचीन मंदिरों, धरोहर स्मारकों, समुद्र तटों के आसपास उच्च स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में अवसंरचना सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है; और

(ग) यदि हां, तो योजनाओं या कार्यक्रमों के नाम और संस्वीकृत एवं जारी की गई धनराशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से घरेलू और विदेशी पर्यटक यात्राओं के संबंध में सूचना संकलित करता है। मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान, तमिलनाडु पर्यटकों की संख्या के मामले में शीर्ष 2 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में बना हुआ है। पिछले पांच वर्षों के दौरान पर्यटकों की राज्यवार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है। इसमें प्राचीन मंदिरों, विरासतीय स्मारकों, हिल स्टेशनों, बीच और तटीय पर्यटन से संबंधित पर्यटक शामिल हैं।

(ख) और (ग): हालांकि, पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर तथा निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

'स्वदेश दर्शन (एसडी), 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अलावा भारत सरकार द्वारा तमिलनाडु राज्य सहित देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का व्यापक रूप से विकास करने और वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग तथा विपणन करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)-वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण भी **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री आर. गिरिराजन द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन अवसंरचना के विकास के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2377 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

| **पिछले पांच वर्षों में पर्यटकों के आगमन की राज्यवार संख्या** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** |
| उत्तर प्रदेश | 87013225 | 109753172 | 318562573 | 480127191 | 649076213 |
| तमिलनाडु | 141879564 | 115394341 | 218991972 | 287186414 | 308003316 |
| कर्नाटक | 77618664 | 81406146 | 182541723 | 284529835 | 305048773 |
| आंध्र प्रदेश | 70896181 | 93305120 | 192882566 | 254766754 | 290528883 |
| राजस्थान | 15563696 | 22023540 | 108724840 | 180751794 | 232156605 |
| महाराष्ट्र | 40497000 | 43754881 | 112809247 | 164747266 | 193076711 |
| पश्चिम बंगाल | 29305017 | 24360812 | 85579212 | 148376234 | 187599989 |
| गुजरात | 19674564 | 24536529 | 137588540 | 180873450 | 186288552 |
| मध्य प्रदेश | 23619451 | 25595668 | 36053235 | 112129094 | 133343945 |
| तेलंगाना | 40043695 | 32006537 | 60816826 | 58608485 | 88394988 |
| बिहार | 5946104 | 2502239 | 25417193 | 82132277 | 66200024 |
| उत्तराखंड | 7046603 | 19443007 | 54704120 | 57713605 | 60988435 |
| झारखंड | 2575194 | 3385279 | 38476698 | 35965363 | 54086062 |
| दिल्ली | 10264901 | 10742655 | 28001922 | 41242738 | 48256410 |
| छत्तीसगढ़ | 2812549 | 4747425 | 23636529 | 26023022 | 31491385 |
| पंजाब | 17051311 | 26948564 | 26418883 | 36449334 | 28286967 |
| जम्मू और कश्मीर | 2524841 | 11316570 | 18519317 | 20734673 | 23078159 |
| केरल | 5329727 | 7598104 | 19212963 | 22520698 | 22985363 |
| हिमाचल प्रदेश | 3213379 | 5637202 | 15100277 | 16004924 | 18124694 |
| ओडिशा | 4632479 | 3744490 | 7890030 | 9770357 | 11086673 |
| गोवा | 3561466 | 3330217 | 7186791 | 8628152 | 10409197 |
| असम | 1274183 | 1409697 | 8391004 | 7636538 | 7635339 |
| पुदुचेरी | 1207022 | 1253534 | 1761342 | 2123290 | 2137611 |
| हरियाणा | 2132205 | 2030028 | 2110935 | 2013508 | 1892794 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 403999 | 661407 | 801393 | 1008375 | 1361527 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मेघालय | 27045 | 154820 | 944865 | 1422647 | 1608610 |
| सिक्किम | 336343 | 523177 | 1694218 | 1415077 | 1625241 |
| अरुणाचल प्रदेश | 43832 | 103097 | 223492 | 1045097 | 874626 |
| चंडीगढ़ | 430171 | 234260 | 3055604 | 397089 | 1037663 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 196619 | 127925 | 239522 | 332214 | 721894 |
| त्रिपुरा | 159692 | 177821 | 244093 | 432812 | 691475 |
| मिजोरम | 31155 | 87466 | 221031 | 212876 | 427302 |
| लद्दाख | 7869 | 304077 | 531396 | 525374 | 376386 |
| लक्षद्वीप | 3875 | 13504 | 22969 | 46551 | 68328 |
| मणिपुर | 52808 | 50019 | 143426 | 61369 | 31620 |
| नागालैंड | 11497 | 24293 | 100354 | 104445 | 131139 |

*****

**अनुबंध-II**

श्री आर. गिरिराजन द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन अवसंरचना के विकास के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2377 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

**क. दिनांक 15.01.2026 तक तमिलनाडु राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजना:**

पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत एक परियोजना को मंज़ूरी दी है, जो निम्नानुसार है:

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी/प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2016-17 | चेन्नई- मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी का विकास | 73.13 | 71.03 |
| **कुल** | | | **73.13** | **71.03** |

**ख. दिनांक 15.01.2026 तक तमिलनाडु राज्य के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृति तिथि | स्वीकृत राशि | जारी/प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में गहन अनुभव | 2023-24 (संशोधित मई 2025) | 30.02 | -- |
| **कुल** | | | | **30.02** | |

**ग. चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) - स्वदेश दर्शन योजना की उप-योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं एवं जारी राशि का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | गंतव्य/श्रेणी | अनुभव का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी/प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामेश्वरम द्वीप (आध्यात्मिक पर्यटन) | रामेश्वरम का प्रतीकात्मक परिवर्तन | 2024-25 | 20.01 | 2.00 |
| **कुल** | | | | **20.01** | **2.00** |

**घ. तमिलनाडु राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएँ:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| 2. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |
| 3. | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 | 0.00 |
| **कुल** | | | **59.79** | **18.85** |

**ङ. पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना)- वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास योजना के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं और जारी की गई राशि का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | मामल्लापुरम में नंदवनम विरासत पार्क का विकास | 99.67 | 112.13 |
| 2. | 2024-25 | ऊटी में रेस कोर्स में इको पार्क | 70.23 | |
| **कुल** | | | **169.90** | **112.13** |

**च. केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं और जारी राशि का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | वर्ष | मेलों और महोत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 31-03-2025 | गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर, जिला - अरियालुर में प्रदिप्तीकरण और संबद्ध कार्य | 11.47 | 0 |
| 2. | 24-09-2012 | चेन्नई पोर्ट पर मौजूदा पैसेंजर टर्मिनल में क्रूज़ यात्री सुविधा केंद्र | 17.24 | 17.24 |
| 3. | 28-03-2018 | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन | 4.7 | 3.75 |
| 4. | 30-06-2018 | मदुरै रेलवे स्टेशन | 4.48 | 3.56 |
| **कुल** | | | **37.89** | **24.55** |

*****